


## एक नजर में

### आदतन तस्कर एक साल के लिए केंद्रीय जेल इंदौर भेजा गया

**नीमच।** नीमच पुलिस का नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में रतनगढ़ थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आदतन मादक पदार्थ तस्कर अम्बालाल पिता भूरालाल धाकड़ (32 वर्ष), निवासी ग्राम दौलतपुरा, पुलिस चौकी जाट, थाना रतनगढ़ के विरुद्ध धारा 3(1) पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को एक वर्ष के लिए केंद्रीय जेल इंदौर में निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत की गई। अभियान का संचालन रतलाम रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक निमिष अग्रवाल, नीमच पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल तथा एसडीओपी जावद हर्ष राठौर के निर्देशन में किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था। उसके आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की गई, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद आरोपी को एक वर्ष के लिए केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रतनगढ़ निरीक्षक भूरालाल भाबर, चौकी प्रभारी जाट उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह राठौर एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नीमच पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### जिला स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न



**नीमच।** शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 नीमच में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों के 14,17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी सावित्री मालवीय,तहसील सह संयोजक भरत सिंह कुमावत,वेंकटेश्वर जाट, अजय नागोरी एवं भारत सिंह परिहार की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक की जिम्मेदारी एसजीएफआई रेफरी भरत सिंह कुमावत ने निभाई। संचालन में राष्ट्रीय स्तर एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों भावना सोलंकी, वंशिका नागलोद, दक्ष मांगरिया, राकेश नागदा, लक्की पाटीदार, काजल सालवी, ईशा रावल एवं खुबी देपन ने सहयोग प्रदान किया।प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में जीत दर्ज की। बालक एवं बालिका वर्ग के 14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के विजेता खिलाड़ियों का चयन उज्जैन संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए नीमच जिला टीम में किया जाएगा।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन,खेल भावना और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार शासकीय भूमि कराई गई अतिक्रमण मुक्त

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जावद श्री संजीव साहू के मार्गदर्शन में तहसील सिंगोली के ग्राम जाट (टप्पा रतनगढ़) में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। राजस्व अभिलेखों के अनुसार सर्वे क्रमांक 439/1/3 की लगभग 0.10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अवैध रूप से पत्थर की दीवार एवं बाड़ा बनाकर कब्जा कर लिया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर नायब तहसीलदार श्री रूपसिंह राजपूत के नेतृत्व में राजस्व अमले, जाट पुलिस चौकी तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त अतिक्रमित शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 10 लाख रुपये है। कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर पुन: शासन के कब्जे में लिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे अथवा अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## महिला की मौत के बाद परिजन ने किया चक्काजाम

- फंदे पर लटका मिला शव
- आरोप- पति मारपीट करता था, हत्या कर लटकाया



**नीमच।** जिले के मनासा के बालागंज में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका पूजा (25) पति बलराम ओड को गुरुवार तड़के करीब 4 बजे फंदे पर लटका मिला था। परिजन और आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां दम तोड़ दिया।

घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

**परिजन बोले- पति करता है मारपीट :** परिजन का आरोप है कि पूजा का पति बलराम नशे का आदी है। आए दिन मारपीट व विवाद करता था। परिजन ने आरोप लगाया कि पति ने ही पूजा को फांसी पर लटका दिया है। परिजन ने बताया कि कई बार थाने में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

आक्रोशित परिजन शव लेकर सीएसपी कार्यालय के बाहर शहरी हाईवे पर पहुंच गए। सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इससे सड़क पर वाहनों की कतार लग गई।

सूचना पर कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा और तहसीलदार महेंद्र सिसोदिया पहुंचे। अधिकारियों ने परिजन को समझाने और रास्ता खाली कराने का प्रयास किया, तो परिजनों और पुलिसकर्मियों के बीच बहस और धक्का-मुक्की हो गई। बाद में पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब एक घंटे बाद मामला शांत हुआ। पूजा अपने पीछे चार महीने की दूधमुंही बच्ची छोड़ गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। परिजनों के बयानों और पुरानी शिकायतों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## घर पर अवैध अफीम रखने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**जावद।** विनोद पाटीदार, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट), जावद, जिला-नीमच द्वारा घर पर 3.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम रखने वाले आरोपी शम्भूलाल पिता सेवा धाकड़, उम्र-52 वर्ष, निवासी-ग्राम किशनपुरा, तहसील व थाना सिंगोली, जिला नीमच को धारा 8(सी)/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,00,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 02.05.2023 को सीबीएन कार्यालय सिंगोली पर मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि शम्भूलाल धाकड़ द्वारा उसके घर पर अवैध मादक पदार्थ अफीम का संग्रहण कर रखा हैं। सीबीएन द्वारा निवारक दल का गठन किया गया तथा सुबह के लगभग 09:30 बजे आरोपी के ग्राम डूंगरिया स्थित घर पर दबिश दी गई। आरोपी के घर के अंदर कमरे में अलमारी के ऊपर रखे स्टील के डब्बे में 3.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम रखी हुई थी।

सीबीएन द्वारा अफीम को जब्त कर व आरोपी को गिरफ्तार कर परिवाद विशेष न्यायालय, जावद में प्रस्तुत किया गया। लोक अभियोजक द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुए।

## हारने वाली टीम के समर्थकों ने विजेता खिलाड़ियों को पीटा



**नीमच। शहर में पुलिस प्रशासन के 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0' के तहत दशहरा मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में बुधवार शाम विवाद हो गया। मैच खत्म होते ही हारने वाली टीम के समर्थकों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों पर हमला कर दिया, जिसमें तीन खिलाड़ी घायल हो गए।**

एनएफए और अहीर स्पोर्ट्स के बीच खेले जा रहे सेमीफाइनल मैच में खेल खत्म होने से 5 मिनट पहले एनएफए के रौनक सैनी ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। एनएफए की जीत तय होते ही अहीर स्पोर्ट्स के समर्थकों और खिलाड़ियों ने गोल करने वाले रौनक पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों, पंच और पत्थरों से हुए इस अचानक हमले से मैदान में अफरा-तफरी मच गई। बीच-बचाव करने पहुंचे साथी खिलाड़ी आफताब और भरत के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें आफताब को गंभीर चोटें आई हैं।

**फाइनल मैच का बहिष्कार करने की चेतावनी**-घटना के बाद एनएफए टीम के वर्किंग सेक्रेटरी मयंक सैनी और खिलाड़ियों ने कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सैनी ने कहा कि पुलिस कप्तान राजेश व्यास ने अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई की बात कही थी।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो उनकी टीम गुरुवार को होने वाले फाइनल मैच में नहीं खेलेगी।

## नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों में तीन आरोपियों को कठोर सजा

**नीमच।** नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में नीमच पुलिस की प्रभावी विवेचना और मजबूत अभियोजन के चलते विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने तीन अलग-अलग प्रकरणों में आरोपियों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि जिला पुलिस ऐसे मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लेकर त्वरित कार्रवाई, वैज्ञानिक अनुसंधान और सशक्त अभियोजन के माध्यम से दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमिष अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार नाबालिग बालिकाओं की गुमशुदगी एवं उनके विरुद्ध होने वाले लैंगिक अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर रही है। विशेष न्यायालय (पॉक्सो) की पीठासीन अधिकारी श्रीमती रश्मि मिश्रा ने जुलाई 2026 में तीन अलग-अलग प्रकरणों में पुलिस द्वारा प्रस्तुत वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों और प्रभावी अभियोजन पर विश्वास व्यक्त करते हुए आरोपियों को दोषी ठहराया।

**तीनों मामलों में कठोर दंड**

पहला मामला (थाना नीमच सिटी): वर्ष 2023 में दर्ज प्रकरण में 16 वर्ष से कम आयु की बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी तूफान उर्फ धन्ना भील को भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय ने पीड़िता को प्रतिकर राशि दिए जाने की भी अनुशंसा की।

## सेन समाज का प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2 अगस्त को

**नीमच। जिला सेन समाज संगठन नीमच के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 2 अगस्त (रविवार) प्रात: 11 बजे नारायणी माता मंदिर, नीमच में आयोजित किया जाएगा।**

जिला अध्यक्ष सुखलाल सेन (तारापुर) एवं जिला युवा अध्यक्ष चमन सेन (नीमच) ने बताया कि समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा राज्य स्तरीय खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान युवाओं का सम्मान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह समाज के दिवंगत वरिष्ठजनों स्व. भंवरलाल शास्त्री (मनासा), स्व. कन्हैयालाल राठौर (मनासा), स्व. मदनलाल भाटी (कनेरा) तथा स्व. मोहित-अनिल कछावा (मनासा) की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। सम्मानित प्रतिभाओं को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

आयोजकों ने समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं एवं अभिभावकों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। इस संबंध में जानकारी जिला युवा कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश सेन, पालसोड़ा द्वारा दी गई।

**एक नजर** | **गुरु-शिष्य परंपरा का दिया संदेश**

## महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न




**नीमच। स्थानीय सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीमच कैंट में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के समापन अवसर पर 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वाति चोपड़ा रहीं, जबकि अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने की।**

विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत, सहायक संचालक एस.एम. मांगरिया, पूर्व एडीपीसी प्रलय उपाध्याय, विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति के अनुरूप मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।विद्यालय के प्राचार्य महेश शर्मा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा स्वागत उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत एवं गुरु वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय के समस्त गुरुजनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिले में पूर्व एडीपीसी के रूप में सेवाएं दे चुके प्रलय उपाध्याय तथा विद्यालय में लंबे समय तक सेवाएं देने वाली सेवानिवृत्त शिक्षिका कौशल्या उपाध्याय का स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं विद्यालय से स्थानांतरित लेखापाल अनिल गोयल, सोनू हकवाडिया एवं रत्न प्रज्ञा पाटीदार का भी अभिनंदन किया गया।

# मंदसौर

## एक नजर में

### सेन समाज दलौदा तहसील का पदग्रहण



**दलौदा।** सेन समाज दलौदा तहसील के तत्वावधान में आकोदड़ा माताजी स्थित कालिका माता मंदिर परिसर में पदग्रहण, नियुक्ति पत्र वितरण एवं सेन समाज मिलन समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ तहसील अध्यक्ष श्री धनश्याम सेन गेहलोद, युवा तहसील अध्यक्ष श्री सेन प्रकाश परमार (दलौदा) एवं हेयर सैलून संगठन दलौदा तहसील अध्यक्ष श्री शुभम सेन परमार (नगरी) ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री नानालाल जी अटोलिया, भाजपा दलौदा मंडल अध्यक्ष श्री सुमित सेन, सेन समाज जिला अध्यक्ष श्री बालाराम जी राठौड़, युवा जिला अध्यक्ष श्री किशोर जी सेन (मानपुरा), राष्ट्रीय महासभा मध्यप्रदेश एवं राजस्थान प्रभारी श्री सत्यनारायण जी सेन (उदयपुर), पूर्व युवा जिलाध्यक्ष संजय चौहान (बोलिया), हेयर सैलून संगठन जिला अध्यक्ष श्री मुकेश जी सेन (बरखेड़ा डागी), जिला सचिव श्री राकेश सेन सम्राट, कर्मचारी संगठन तहसील अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी केलवा एवं जिला संरक्षक बाबूलाल जी पडियार (करनाखेड़ी) इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष श्यामलाल सेन (गुराड़िया शाह), युवा जिला मीडिया प्रभारी गोरधन सेन (गोल्डी), युवा जिला उपाध्यक्ष राहुल सेन (बनी), तहसील मीडिया प्रभारी शिवम सेन (बनी), तहसील उपाध्यक्ष दिनेश सेन (आक्या) एवं चंद्रप्रकाशसेन (दलौदा सगरा), मनोहर सेन (दलौदा), वरिष्ठ कोषाध्यक्ष रामेश्वर जी परमार (लसूडिया इला), युवा सह सचिव ललित जी सेन, युवा उपाध्यक्ष सुरेश जी सेन (भावगढ़), सोशल वर्कर मनीष सेन (बनी), युवा जिला महामंत्री दुर्गेश जी सेन (करजू), युवा जिला सह सचिव सुनील सेन (करनाखेड़ी), युवा तहसील सचिव श्री हरीश जी सेन (आकोदड़ा), युवा मीडिया प्रभारी दीपक सेन (बनी), श्री मुकेश जी सेन (ताजखेड़ी), सोशल मीडिया प्रभारी संतोष सेन (गुराड़िया शाह), सोशल मीडिया सह प्रभारी श्री सागर सेन (एलची), युवा तहसील कोषाध्यक्ष श्री विनोद जी सेन (दलौदा रेल), श्री श्याम जी (माउखेड़ी), श्री दिलीप जी सेन (देहरी), श्री घनश्याम जी सेन (खोड़ाना) श्री रामप्रसाद जी सेन (खोड़ाना), महावीर सेन (बनी), हेयर सैलून संगठन जिला उपाध्यक्ष कमलेश गेहलोद (दलौदा), श्री शंभुलाल जी सेन, अंतिम जी देवड़ा ओमप्रकाश खींची, दिनेशी सेन श्री जगदीश जी सेन, अर्जुन सेन शांतिलाल सेन, रामचंद्र सेन जयंतीलाल जी सेन, बलराम सेन, हरीश जी सेन, अनिल जी सेनसहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता, सामाजिक उत्थान, आकस्मिक दुर्घटना सहायता, हेयर सैलून व्यवसाय के रेट निर्धारण तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए।

## योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पहली प्राथमिकता : कलेक्टर

### पत्रकारों से चर्चा में बोले नवागत कलेक्टर दिव्यांक सिंह- नागरिक समस्याओं के समाधान के साथ विकास के नए क्षेत्रों पर रहेगा फोकस

**मंदसौर। जिले के नवागत कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का गुणवत्तापूर्ण एवं शत-प्रतिशत क्रियान्वयन जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता रहेगा।**

नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान करने के साथ जिले में विकास की नई संभावनाओं को तलाशकर उन पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और मीडिया से मिलने वाले उपयोगी सुझावों को भी गंभीरता से लिया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने कहा कि मंदसौर में विकास की कई संभावनाएं हैं। पूर्व से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा, जहां आगे बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। शहरी विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, जलस्रोत प्रबंधन, पर्यटन, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**पर्यटन और सिंहस्थ की तैयारियों पर भी नजर**

कलेक्टर ने कहा कि मंदसौर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा। आगामी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए जिले में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने शहरी क्षेत्र में जल संरचनाओं के विकास तथा शहरी मास्टर प्लान की पुन: समीक्षा को भी प्राथमिकता में शामिल बताया। स्कूलों और अस्पतालों सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों के निरीक्षण के माध्यम से व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति देखने और आवश्यक सुधार करने की बात भी कही।

### पत्रकारों के सुझावों पर समीक्षा कर होगी कार्रवाई

पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा कर आवश्यकता के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय से जिले की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने लाने और उनके समाधान में मदद मिलेगी।



## भानपुरा में टीबी की बीमारी के प्रति जनजागरूकता शिविर आयोजित

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशानुसार भानपुरा ब्लॉक में टीबी की बीमारी के प्रति जन जागरूकता के लिए कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भानपुरा में कैंप का आयोजन किया गया। जहां पर लगभग 300 छात्राओं एवं शिक्षक गणों की टीबी की स्क्रीनिंग के साथ ही कार्यशाला का आयोजन एवं शपथ आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. सिसोदिया एवं जिला समन्वय सतीश शर्मा, अनिल ट्रेलर तथा शाला के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### नपा परिषद के द्वारा अभिनंदन क्षेत्र में गाजर घास के उन्मूलन हेतु दवाई का छिड़काव किया

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने बताया कि वर्षाऋतु में मंदसौर नगर में गाजर घास ज्यादा नहीं फैले इसके लिये नगर परिषद के द्वारा गाजर घास के उन्मूलन के लिये दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। मंगलवार व बुधवार को दो दिवस में नगर परिषद ने अभिनंदन क्षेत्र के कई स्थानों पर दवाई का छिड़काव किया। नपा अमले ने वार्ड क्रमांक 5 व 21 अंतर्गत आने वाले पूरे अभिनंदन क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां खाली प्लाटों पर गाजर घास उग गयी है वहां पहुंचकर गाजर घास उन्मूलन हेतु दवाई का छिड़काव किया।

**एक नजर** | **गुरु भक्ति, साधना, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का अनुपम संगम बना आर्ट ऑफ लिविंग का गुरु पूर्णिमा महोत्सव**

## पौधरोपण से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश, दिव्य सत्संग में भजनों की अमृतवर्षा

**मंदसौर।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार मंदसौर द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, भक्ति, साधना, सेवा और सत्संग के अद्भुत समागम के साथ अत्यंत हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। दिनभर आयोजित आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में साधकों, स्वयंसेवकों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। यह आयोजन आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा का प्रेरणादायी संदेश भी देता नजर आया।

गुरु पूर्णिमा उत्सव पर जानकारी देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया कोऑर्डिनेटर नरेंद्र धनोतिया ने बताया कि प्रात: 6:30 बजे संजीत रोड स्थित शुभकामना रिसोर्ट में सामूहिक साधना सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें साधकों ने ध्यान, प्राणायाम एवं सुदर्शन क्रिया के माध्यम से आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। साधना के उपरांत सभी साधक नंदा गार्डन पहुंचे, जहां पौधरोपण कर हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक श्री खुमान सिंह चुंडावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। इसी भावना को साकार करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के नाम पर कदंब का पौधा तथा भगवान श्रीराम, माता सीता एवं अन्य देवी-देवताओं के नाम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए।

> शाम को शुभकामना रिसोर्ट में आयोजित दिव्य सत्संग ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुमेरु सिंगर्स के योगेंद्र शर्मा, आशीष मराठा, आशीष राठौर, किशोर पाटीदार, राहुल माली एवं उनके सहयोगियों ने गणेश वंदना, गुरु वंदना, देवी आराधना, शिव भजन, श्रीकृष्ण एवं हरि भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा परिसर 'जय गुरुदेव' के उद्घोष से गूंजता रहा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरु जीवन का वह प्रकाश हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान, विवेक और सेवा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की प्रेरणा से आर्ट ऑफ लिविंग विश्वभर में साधना, सेवा और सत्संग के माध्यम से मानवता, शांति और प्रेम का संदेश प्रसारित कर रहा है। गुरु पूर्णिमा केवल गुरु वंदन का पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, कृतज्ञता और समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का भी अवसर है।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक खुमान सिंह चुंडावत, हरीश रायवाल, रघुराज सिंह सिसोदिया, नरेंद्र धनोतिया, कमलेश कोठारी, दिलीप परमार, महेंद्र जोशी, सुरेश भावसार, राधेश्याम मांदलिया, विक्रम भटनागर तथा सैकड़ों महिला-पुरुष, बच्चे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।